Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १० प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ मई २०२० पृष्ठ ०८ मूल्य: १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)


## कोविड-19:पीएम केयर्स फंड से 3100 करोड़ रुपये किए जाएंगे इस्तेमाल



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के खिलाफ चल रही जंग में प्रधानमंत्री केयर्स फंड ट्रस्ट की ओर से ३१०० करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। २७ मार्च २०२० को गठित इस ट्रस्ट का नेतृत्व प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है और ट्रस्ट के अन्य पदेन सदस्यों में रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दिनांक १३.०५.२०२० बुधवार को जानकारी दी कि इस ३१०० करोड़ रुपये की राशि में से २००० करोड़ रुपये वेंटिलेटर की खरीद में खर्च किए जाएंगे और १००० करोड़ रुपये प्रवासी मजदूरों की मदद में खर्च किए जाएंगे और शेष १०० करोड़ रुपये कोरोना की वैक्सीन के विकास के लिए दिए जाएंगे। इस पैकेज की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने उदारता प्रदर्शित कर पीएम केयर्स फंड में योगदान करने के लिए सभी दानदाताओं का आभार प्रकट दिया। यह कोष भारत को कोविड-१६ के खिलाफ लड़ाई में सहायता प्रदान करेगा।

Enabling India's Knowledge Economy

RailTel Corporation of India Ltd., a Miniratna PSU under Ministry of Railways, is a premiere telecom infrastructure provider having expertise of over 18 years in providing end to end project delivery in the field of IT, Telecom and ICT System Integration.




RailTel Corporation of India Ltd.

Corporate Office

Plate-A, 6th Floor, Office Block Tower 2, East Kidwai Nagar, New Delhi 110023

Phone- +91-11-22900600 Fax- +91-11-22900699

# बुद्ध सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि एक पवित्र विचार भी- प्रधानमंत्री



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वैश्विक स्तर पर वर्चुअल रूप से आयोजित 'वैशाख वैश्विक समारोह' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक ०७.०५.२०२० को संबोधित किया। इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री, प्रहलाद सिंह पटेल और युवा और खेल तथा अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं और संदेश ने दुनिया भर में लोगों के जीवन को समृद्ध बनाया है। उनका संदेश किसी एक परिस्थिति या किसी एक विषय तक सीमित नहीं है। समय बदला,परिस्थितियां बदलीं,समाज की कार्यप्रणाली बदली,लेकिन भगवान बुद्ध का संदेश हमारे जीवन में निरंतर प्रवाहित होता रहा है। बुद्ध सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि एक पवित्र विचार भी है, एक ऐसा विचार जो हर मानव के दिल में धड़कता है और मानवता का मार्गदर्शन करता है। इस अवसर पर प्रार्थना समारोह का भारत में स्थित बोधगया के महाबोधि मंदिर, सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार और कुशीनगर के परिनिर्वाण स्तूप, नेपाल के पवित्र उद्यान लुम्बिनी और बौधनाथ,स्वायंभु,नमो स्तूप, के अलावा अन्य लोकप्रिय बौद्ध स्थलों से भी सीधा प्रसारण किया गया।

## प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद रेल दुर्घटना पर जताया दुख

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगाबाद, महाराष्ट्र में दिनांक ०८.०५.२०२० को हुई रेल दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि औरंगाबाद, महाराष्ट्र में रेल दुर्घटना के कारण हुई लोगों की मौत से दुखी हूँ। उन्होने कहा कि रेल मंत्री स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

# लॉकडाउन के बाद बदल जाएगी एयरपोर्ट की तस्वीर

रे.स.ब्यू./सूत्र। एयरपोर्ट अथॉरिटी लॉकडाउन के बाद हवाई सेवाएं शुरू करने की तैयारियों में जुट गया है। यात्रियों को अब एयरपोर्ट के भीतर का नजारा बदला सा नजर आएगा। कोरोना के संक्रमण से यात्रियों को बचाने के लिए यात्रियों को अब बोर्डिंग से और डेढ़ घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना होगा। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद ट्रॉली के हैंडल से किसी यात्री को संक्रमण न हो इसलिए फोरकोर्ट एरिया में एक डिस- इंफेक्टेंट टनल बनाई जाएगी। यात्रियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग, थर्मल स्कैनिंग और सेनेटाइजर भी उपलब्ध कराया जाएगा। बतादें कि अभी विमान सेवाएं शुरू करने को लेकर सरकार की तरफ से कोई निर्देश नहीं जारी नहीं हुए हैं।

# 15 हजार से कम वेतन वालों का ईपीएफ देगी केंद्र सरकार



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोविड के चलते बेपटरी हुई देश की अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिनांक १२.०५.२०२० मंगलवार को २० लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी। इसी कड़ी में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने दिनांक १३.०५.२०२० को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि २० लाख करोड़ का इस्तेमाल कैसे और किन-किन क्षेत्रों में किया जाएगा। जिसमें ईपीएफ को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणाएं शामिल थीं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि ईपीएफ में २५०० करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। उन्होने कहा कि ईपीएफ के लिए दी गई सहायता अगले तीन माह के लिए बढ़ा दी गई है, जो पहले मार्च, अप्रैल, मई तक दी गई थी। जिससे ३.६७ लाख कंपनियों और ७२.२२ लाख कर्मचारियों को इसका फायदा होगा। केंद्र १५ हजार रुपये से कम वेतन वालों का अगस्त तक ईपीएफ देगा।

# ईपीएफओ कर्मचारियों ने पीएम केयर्स फंड में दिया ढाई करोड़ रुपये का योगदान

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के कर्मचारी भी कोविड-१९ महामारी के कारण उत्पन्न हुए राष्ट्रीय संकट से निपटने में सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए आगे आए और पीएम केयर्स फंड में अपने एक दिन का वेतन लगभग ढाई करोड़ रुपये की राशि का योगदान दिया है। ईपीएफओ, दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक सुरक्षा संगठनों में से एक है, जो कि हर संभव तरीके से राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-१९ को महामारी घोषित किया है, जिसने लाखों भारतीयों के स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। भारत सरकार ने पीएम केयर्स फंड के नाम से एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट की स्थापना की है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या संकट से निपटना है। ईपीएफओ के अधिकारी और कर्मचारी पीएमजीकेवाई पैकेज आदि के अंतर्गत राहत प्रदान करने के लिए, कोविड दावों सहित ईपीएफ निकासी दावों का शीघ्रतापूर्वक निपटारा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं और अपना योगदान दे रहे हैं।

# पूर्व मध्य रेल के अधिकारी एवं कर्मचारी ने PM CARES में दिया एक दिन का वेतन

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। वैश्विक महामारी कोविड-१९ से दुनिया के अधिकांश देश प्रभावित है। भारत भी इससे अछूता नहीं रह गया है। इस खतरनाक वायरस के प्रसार की रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा कई उपाय किए गए हैं।

सरकार द्वारा किए जा रहे इन उपायों में कई सरकारी/गैर सरकारी, स्वयंसेवी संगठन, उद्योगपति सहित समाज के कई वर्गों ने PM CARES में राशि जमा कर कोविड-१९ के विरूद्ध किए जा रहे राष्ट्रव्यापी प्रयासों में अपनी भागीदारी सुनिश्चत की है। भारत सरकार द्वारा कोविड-१९ से बचाव के लिए किए जा रहे इन प्रयासों में पूर्व मध्य रेल द्वारा भी अहम योगदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय एवं पांचों मंडल के सभी ८३,७३३ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपना एक दिन का वेतन लगभग ६.७२ करोड़ रूपया PM CARES Fund में जमा किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेल भारतीय रेल का प्रथम मुख्यालय है,जिसके शत-प्रतिशत कुल ८३,७३३ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने PM CARES में अपना एक दिन का वेतन जमा कर दिया है।

> हिंदी एक जानदार भाषा है, वह जितनी बढ़ेगी देश को उतना ही लभ होगा
> पं. जवाहर लाल नेहरू

# उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने जरूरतमंदो के लिए किया रक्तदान



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोरोना महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति का परिवहन सुनिश्चित करने में रेलवे दिन-रात जुटी हुई है। वहीं महाप्रबंधक उत्तर रेलवे,राजीव चौधरी के निर्देशन में महामारी के विरूद्ध रणनितियों को प्रभावी रूप से अमल में लाकर गतिविधियों को व्यापक स्तर पर क्रियांवित किया जा रहा है। उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्य जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए रक्तदान कर निस्वार्थ रूप से सहयोग दे रहे हैं। गरीब ,असहाय, जरूरत मंदों को लखनऊ, रोजा, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, जींद आदि स्थानों पर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए निशुल्क भोजन उपलब्ध करा रहे है। टीम के सदस्यों द्वारा स्वयं मास्क बनाकर रेलकर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों व जरूरतमंद लोगों को निशुल्क वितरित किया जा रहा है।

# क्वारंटीन कराने पहुंची एंबुलेंस पर हमला

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संदिग्धों को क्वारंटीन कराने पहुंची १०८ एंबुलेंस की टीम से धूमनगंज के कालिंदीपुरम में गालीगलौज कर एंबुलेंस का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसकी सूचना पर धूमनगंज पुलिस भी पहुंच गई। भुक्तभोगियों ने लिखित शिकायत भी की, लेकिन बाद में समझौता हो गया। घटना शुक्रवार दिनांक ०१.०५.२०२० की रात १२:३० बजे का है। बतादें कि कोरोना संदिग्धों को रखने के लिए धूमनगंज के कालिंदीपुरम में क्वारंटीन सेंटर बनाया गया है।

**सम्पादकीय**

## कोविड-19: लड़ाई न हो कमजोर

देश में कोरोना संक्रमण के मामले फिर तेजी से बढ़ रहे हैं जो बेहद चिंताजनक हैं, और तो और अब बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व स्वास्थ्य कर्मी का संक्रमित होना भी चिंता बढ़ा रहा है। भारत कोरोना लगाम लगा पाने में सक्षम है, पर बीते दो हफ्तों में अधिक संक्रमण के नए मामले मिलना चिंताजनक है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देखते ही देखते देश में कोरोना मरीजों की संख्या ६० हजार के आंकड़े को पार कर गई। कोरोना संक्रमण पर लगाम लगाने की रणनीति पर नए सिरे से लगातार मंथन भी हो रहा है, पर बात तो तभी बनेगी जब बदली रणनीति कारगर साबित हो। अब केवल दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात के हालात पर ही विशेष ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि अब देश के और राज्यों में भी कोरोना ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिये हैं। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की वास्तविक स्थिति पता नहीं चल पा रही है। कोरोना का सामना करने के मामले में केंद्र और राज्य सरकारें न अब केवल मिलकर काम करें, बल्कि अब आपसी तालमेल भी जरूरी है। क्योंकि अब कोरोना वारीयर्स भी एक बड़ी संख्या में संक्रमण का शिकार बन रहे है और जब किसी लड़ाई पर डटे योद्धा प्रभावित होते है तो लोगों के मनोबल पर भी विपरीत असर पड़ता है।

बतादें कि कोविड-१६ महामारी ने किसी एक समुदाय और देश ही नहीं, एक तरह से पूरी मानव जाति को एक ऐसे बड़े खतरे के सामने ला खड़ा किया है, जिससे बचने के लिए संयम और अनुशासन का पाठ हर क्षण पढ़ना होगा। इस जंग में हमें अपनों की परवाह तो करनी ही है साथ ही साथ इस पर भी निगाह रखनी है कि दूसरे लोग इस सावधानी को बरतने से इन्कार तो नहीं कर रहे हैं।

## प्रयागराज एक्सप्रेस का संचालन अब होगा स्पेशल ट्रेन के रूप में

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। एक बार फिर से प्रयागराज जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस पटरी पर दौड़ेगी। इस ट्रेन का संचालन २२ मार्च से बंद है। अब रेल प्रशासन स्पेशल ट्रेन के रूप में २२ मई से प्रयागराज एक्सप्रेस का नई दिल्ली के लिए संचालन शुरू कर सकता है। बतादें कि प्रयागराज एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेलवे जोन की सर्वाधिक कमाई वाली ट्रेन मे शामिल है। जिसकी वजह से उत्तर मध्य रेलवे जोन को केवल प्रयागराज एक्सप्रेस न चलने से रोज लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। इस बीच रेलवे द्वारा ३० जून तक सभी यात्री ट्रेनों में की गई बुकिंग कैंसिल कर दी गई है। एनसीआर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि दूसरे चरण में प्रयागराज एक्सप्रेस भी स्पेशल ट्रेन के रूप में चल सकती है। फिलहाल अभी बोर्ड की ओर से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

## बीपीपीआई ने पीएम केयर्स फंड में दिये २५ लाख



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। कोविड-१६ के खिलाफ लड़ाई में सरकार को समर्थन देने के लिए रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग के अधीन भारतीय औषध सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ब्यूरो (बीपीपीआई) ने पीएम केयर्स फंड में २५ लाख रुपये का योगदान दिया है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डी. वी. सदानंद गौड़ा को दिनांक १२.०५.२०२० को नई दिल्ली में फार्मा सचिव पी. डी. वाघेला ने उक्त राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर बीपीपीआई के सीईओ सचिन सिंह, फार्मा के जे. एस.रजनीश टिंगल, फार्मा के जेएस नवदीप रिनवा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बीपीपीआई के कर्मचारियों और जनऔशधि केंद्रों के मालिकों व वितरकों द्वारा इस धनराशि में योगदान दिया गया था। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीपीपीआई अपने हितधारकों और उपभोक्ताओं के साथ खड़ा है। अपनी प्रतिबद्धता के तहत प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र निरंतर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

## कोरोना पॉजिटिव महिला ने स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय से कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच एक खुशखबरी आई जहां एक कोरोना पॉजिटिव २५ वर्षीय गर्भवती महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। जांच मे पहले धड़कन कमजोर पड़ते देख बच्चे को कोटवां-बनी स्थित कोविड-१६ हॉस्पिटल से एसआरएन रेफर किया गया था। जहां गायनी विभाग की अगुवाई में डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। वहीं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमित महिला के आने के बाद से ही वह गायनी विभागाध्यक्ष प्रो. अमृता चौरसिया की निगरानी में थी और बच्चे की धड़कन कम होने से उसका ऑपरेशन जरूरी हो गया था। जिसके बाद मंगलवार दिनांक १२.०५.२०२० को देर शाम गायनी विभागाध्यक्ष की अगुवाई में सफल ऑपरेशन के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के बाद बच्चे को चिल्ड्रेन अस्पताल में रखा गया और माँ को कोविड-१६ वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

## डिप्टी सीएम के जन्मदिन पर हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का ५० वां जन्मदिन बृहस्पतिवार दिनांक ०७.०५.२०२० को पूरी सादगी से मनाया गया। कहीं हवन हुआ तो कहीं सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा हुई। वहीं उत्साही भाजपाइयों ने सामाजिक दूरी का पालन कर केक भी काटा और जरूरतमंद लोगों को राशन भी वितरित किया गया। डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्य, स्टेनली रोड पर आरडी पैलेस गेस्ट हाउस में महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, की मौजूदगी में हवन भी किया गया। इस अवसर पर फल एवं भोजन के पैकेट और राशन सामग्री का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दीपक पटेल, पवन श्रीवास्तव, अवधेश चंद्र गुप्ता, रवि केसरवानी, आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने केक काटकर गरीब बच्चों में वितरित किया। इस दौरान १०१ परिवारों को राशन उपलब्ध करवाया गया।

## कोरोना की लड़ाई में, यूके की संस्था ने दिया मेयर को स्टार अवार्ड



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। कोरोना के जंग में सहयोग के लिए प्रयागराज की मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी को यूनाइटेड किंगडम की एक संस्था ने स्टार अवार्ड दिया है। यह अवॉर्ड अभी तक देश के ५० लोगों को मिला है। जिसमें सेलिब्रेटी भी शामिल हैं। जो अपने शहर के लिए गौरव की बात है।

सेनिटाइजेशन का काफी कार्य मेयर अभिलाषा गुप्ता ने कराया और इसके गरीब, बेसहारा लोगों को सुबह-शाम भोजन भी बांटा। नगर निगम के कर्मचारियों में भी पीपीई किट, मास्क आदि बांटा। मेयर अभिलाषा गुप्ता ने बताया कि यूके की संस्था ने उनके कार्यो का मूल्यांकन कर उन्हें दिनांक १२.०५.२०२० मंगलवार को आनलाइन यह प्रमाण पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि देश में अभी तक ५० लोगों को मिले इस सम्मान में रतन टाटा, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान एवं अक्षय कुमार आदि शामिल हैं। मेयर ने कहा कि वह शहर के लोगों की सहायता के लिए हमेशा समर्पित रहेंगी।

## तीन विशेष ट्रेनों से आए ५००० से अधिक श्रमिक प्रयागराज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पांच हजार से अधिक मजदूर जंक्शन पर गुजरात और महाराष्ट्र से दिनांक १३.०५.२०२० बुधवार को आई तीन विशेष श्रमिक ट्रेनों से उतरे। एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में अभी तक श्रमिक नहीं आए थे। जंक्शन पर उतरने के बाद सभी श्रमिकों एवं उनके परिवारों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। भोजन आदि देने के बाद सभी को बसों से उनके गृह जनपदों को भेज दिया गया। जिसके लिए प्रशासन ने ५० बसें लगाई थीं। प्रयागराज के श्रमिकों को भी बसों से उनके घर भेजा गया और उन्हें होम क्वारंटीन रहने को कहा गया।

# लॉकडाउन का उलंघन करने पर मुकदमा दर्ज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पुलिस ने अभियान चलाकर लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ रविवार को सख्त कार्रवाई की।

खुल्दाबाद, धूमनगंज आदि थाना क्षेत्रों में दिनांक ०३.०५.२०२० को लॉकडाउन का उल्लंघन करने में १४ मुकदमे दर्ज किए गए और ६४ लोग नामजद किए गए। इस दौरान पुलिस ने ६ गाड़ियां भी सीज की। एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा ने बताया कि हिंदू हॉस्टल से लेकर प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने गश्त कर लोगों को जागरूक किया कि इस तरह की हरकतों की दुबारा पुनरावृत्ति न होने पाये। इस दौरान पुलिस ने कुल ३४ लोगों को गिरफ्तार भी किया। रविवार को दिनभर की चेकिंग में पुलिस ने गाड़ियों की चेकिंग के साथ ७१२ गाड़ियों का चालान किया।

# कोविड - १६ से भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का निधन



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का एम्स, नई दिल्ली में शनिवार २ मई को लगभग ८:४५ बजे, निधन हो गया। वे कोरोना वायरस से संक्रमित थे और साँस लेने में परेशानी होने के बाद उन्हें २ अप्रैल, २०२० को एम्स में भर्ती कराया गया था। न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का जन्म १२ नवंबर, १६५७ को हुआ था।

उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया और दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर में कानून की पढ़ाई की। उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की और ६ अक्टूबर, २००६ को उन्हें अतिरिक्त न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय के रूप में पदोन्नत किया गया तथा २१ नवंबर, २००७ को उन्होंने उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्होंने ७ जुलाई, २०१८ को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। २७ मार्च, २०१६ को न्यायमूर्ति त्रिपाठी ने भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। उन्होंने अपने अभिनव विचारों और इनपुट के साथ भारत के लोकपाल संस्थान की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरकारी व्यवस्था ठीक न लगे तो होटलों में भी हो सकते हैं क्वारंटीन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अब अगर आप को जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया क्वारंटीन सेंटर्स नहीं भा रहा है तो अब आप होटलों मे भी शुल्क दे कर क्वारंटीन हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे ही कुछ होटलों की सूची जारी कर दी है जिसमें आप खुद को क्वारंटीन कर सकते हैं। सीएमओ द्वारा जारी सूचनानुसार पेड क्वारंटीन की व्यवस्था फेब होटल,न्यू शांती होटल, कामधेनु इन, अमित होटल एवं होटल अर्पित में बनाई गई है। उन्होने कहा है कि इन होटलों के अलावा मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन करने वाले अन्य होटलों में भी क्वारंटीन हो सकते हैं। लेकिन इसकी सूचना सीएमओ कार्यालय में भी देनी होगी। सूचना न देने पर मेडिकल प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मधुशाला खुलने पर सोशल मीडिया पर याद की गई बच्चन की मधुशाला

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन-३ के पहले दिन सुबह से ही पूरे देश में लगभग शराब की दुकानों के सामने लंबी कतार देखने को मिली। कहीं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हुआ तो कहीं उल्लंघन। वहीं सोमवार दिनांक ०४.०५.२०२० को सोशल मीडिया पर प्रयागराज के कवि हरिवंश राय बच्चन की कालजयी कृति मधुशाला छाई रही। शराब की दुकानों के साथ लोगों ने हरिवंश राय बच्चन को याद करते हुए उनकी कृति मधुशाला की पंक्ति बैर कराते मस्जिद मंदिर, मेल कराती मधुशाला को सोशल मीडिया मे खूब शेयर किया, जो वर्तमान हालात पर कुछ हद तक सटीक भी बैठती है। पूरे नवरात्र लोगों ने मंदिर में दर्शन नहीं किया तो रमजान के मुबारक महीने में भी लोग मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर पा रहे हैं। इस पर सोशल मीडिया में शराब की दुकानें खुलने पर चुटकियां भी खूब ली गई। शराब खरीदने वालों को किसी ने मजाकिया लहजे में इकोनॉमी वारियर्स कहा तो किसी ने लाइन में लगे लोगों की फोटो वाट्सआप पर भेज कर बिगड़ी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला भी बताया।

# लॉकडाउन मे पार्सल ट्रेनों से हुई 19.77 करोड़ रुपये की आय



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। कोविड-१६ के मद्देनजर लागू लॉकडाउन के दौरान पार्सल में चिकित्सा आपूर्तियों, स्वास्थ्य उपकरण, खाद्य पदार्थ आदि आवश्यक सामानों की ढुलाई काफी महत्वपूर्ण होने जा रही है।

इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारतीय रेल ने ई-कॉमर्स कंपनियों और राज्य सरकारों सहित अन्य के द्वारा की जा रही त्वरित व्यापक ढुलाई के लिए रेलवे के पार्सल वैन उपलब्ध करा दिए हैं। रेलवे ने आवश्यक सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समय सारणी के आधार पर विशेष पार्सल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। रेलवे मंडल नियमित रूप से इन विशेष पार्सल ट्रेनों के लिए रूटों की पहचान और उन्हें अधिसूचित कर रहे हैं। वर्तमान में ८२ रूट पर इन ट्रेनों को चलाया जा रहा है।

रेलवे की पार्सल ट्रेनों के संचालन में बढ़ोतरी को त्वरित, अनुकूलित और सभी के लिए लाभकारी बनाने के प्रयासों के द्वारा देश में माल ढुलाई के काम में वृद्धि के तौर पर देखा जाना चाहिए। ०५ मई २०२० को ६६ विशेष पार्सल ट्रेन चलाई गई थीं, जिनमें ६५ समय सारणी ट्रेनें थीं। इनके माध्यम से १,६३६ टन सामग्री का लदान किया गया, जिससे रेलवे को ५७.१४ लाख रुपये की आय हुई।

०५ मई २०२० तक कुल २,०६७ ट्रेनों का परिचालन हुआ, जिनमें से १,६८८ समय सारणी ट्रेनें थीं। इनसे ५४,२६२ टन सामान का लदान हुआ और १६.७७ करोड़ रुपये की आय हुई है।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# दारुल उलूम देवबंद ने भी रद्द की वार्षिक परीक्षाएं

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के लिए हुए लॉकडाउन के कारण इस बार देवबंद दारुल उलूम ने होने वाली वार्षिक परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। वहीं छात्रों को अगली कक्षाओं में अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के रिजल्ट के आधार पर प्रोन्नत किया जाएगा।

इसके अलावा संस्था के नए शिक्षण सत्र के लिए मई माह की अंतिम तिथियों में होने वाली प्रवेश परीक्षाओं को भी निरस्त कर दिया गया है। जिस कारण इस वर्ष दारुल उलूम देवबदं में नए छात्रों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। दारुल उलूम प्रबंधतंत्र ने यह फैसला मंगलवार दिनांक ०५.०४.२०२० को एक बैठक में लिया। मंगलवार को दारुल उलूम में वार्षिक परीक्षा के मुद्दे पर बैठक हुई। इस दौरान विचार-विमर्श के बाद दारुल उलूम की वार्षिक परीक्षाएं निरस्त करने का अहम फैसला लिया गया।

# मई महीने में चल रहीं ठंडी हवाएं

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉक डाउन में सूरज और बादलों की लुकाछिपी से एक पखवारे से मौसम का मिजाज अलग है। अप्रैल मध्य से होने वाली गर्मी मई में भी परवान नहीं चढ़ते नहीं दिख रही है। वहीं मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मौसम का यह मिजाज दस से १५ मई तक बना रहेगा। अप्रैल में १५ तारीख तक गर्मी के तेवर तल्ख हो जाया करते थे लेकिन इस बार अप्रैल की २०, २१, २६ और ३० तारीख को हुई बारिश से वातावरण में नमी का स्तर असंतुलित रहा। इस दौरान कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम के जानकारों के अनुसार धूप छांव और बारिश का यह मौसम २० मई तक बना रह सकता है।

# कोरोना की चपेट में आए लूकरगंज के इंजीनियर बीरेंद्र सिंह की मौत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन में जरूरमंदों की मदद करने वाले और मृदुभाषी प्रयागराज के लूकरगंज निवासी इंजीनियर बीरेंद्र सिंह कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हार गए। उन्होंने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में मंगलवार दिनांक ०५.०४.२०२० को देर रात दम तोड़ दिया। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। २८ अप्रैल को वह खुद ही कालिंदीपुरम स्थित इंस्टीट्यूशन क्वारंटीन सेंटर गए और अपनी जांच कराई थी जहां रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें कोटवां-बनी स्थित कोविड हॉस्पिटल भेज दिया गया था वहीं दो मई को उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई तो एसआरएन रेफर कर दिया गया, जहां मंगलवार को उनकी अचानक हालत ज्यादा खराब हुई। जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन देर रात उन्होंने आखिरी सांस ली। बता दें कि यह शहर में कोरोना से पहली मौत है।

# New PCSTE in Southern Railway



RSB/Chennai: R.Baskaran has taken over as the new Principal Chief Signal and Telecom Engineer of Southern Railway on 07.05.2020 vice S K Goel who has been promoted and posted as Director General, Indian Railway Institute of Signal Engineering and Telecommunications, Secunderabad. Prior to his posting on SR, R.Baskaran was Principal Chief Signal and Telecom Engineer of South Western Railway. After his graduation from in Electronics and Communication Engineering from Anna University, he joined the Signal & Telecom Department of Indian Railways through UPSC examination in 1986 and has worked in various capacities in Indian Railways in various zones including that of GGM/ Chennai of RailTel Corporation of India Ltd and as Chief Workshop Manager of the Signal and Telecommunication workshop at Podanur.

# सील किए गए क्षेत्रों में आवश्यक चीजों की न हो कमी-जिलाधिकारी, प्रयागराज



सूचना विभाग प्रयागराज। शहर व ग्रामीण क्षेत्र फूलपुर, सैदाबाद, हण्डिया के विभिन्न आश्रय स्थलों/क्वारंटीन सेंटरों में ठहराए गए व आने वाले प्रवासी मजदूरों और कोविड-१९ से लड़ने के लिए बनाये गये क्वारंटीन सेंटरों का दिनांक ०४.०५.२०२० को जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ग्राम दुसौती, सैदाबाद पहुचंकर वहां पर सील किए गए गांव का निरीक्षण किया। पिछले दिनों वहां कोरोना पॉजिटिव केस आने के बाद सील किए गए गांव में सभी को आवश्यक वस्तुओं से संबन्धित जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में फागिंग व सैनीटाइज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शंकर पब्लिक स्कूल, फूलपुर में बनाये क्वारंटीन सेंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए शहरी क्षेत्र में स्थित कटरा रामलीला कमेटी के गेस्ट हाउस में क्वारंटीन किए गए लोगो से हाल-चाल पूछा व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने सील किए गए क्षेत्रों में आवश्यकताओं की चीजों कोई कमी ना होने पाये इसके लिए भी संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# अब वकील कर सकेंगे शर्ट-पैंट में बहस

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। संक्रमण काल के दौरान मुकदमों कि सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने गाइडलाइन जारी कर दी है। दिनांक ०६.०५.२०२० को जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि न्यूनतम स्टॉफ के जरिए कोर्ट कार्यवाही चलाई जाएगी। वहीं अब वकील शर्ट-पैंट पहनकर भी बहस कर सकेंगे जिससे आसानी से धुला जा सके। फाइलें अनुभागों से सैनिटाइज करने के बाद ही कोर्टरूम में जाएंगी। प्रवेश द्वार पर हैंडवॉश, सैनिटाइजेशन और थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था भी की गई है। गाइडलाइन मे स्पष्ट किया गया कि ६५ वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ता एवं रेड जोन में रहने वाले अधिवक्ता अपने घरों में रहें, उन्हें न्यायालय आने की आवश्यकता नहीं है। अधिवक्ताओं को कोट और गाउन नहीं पहनना है, केवल पैंट-शर्ट पहन कर आना है।

# रेलवे द्वारा जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है निःशुल्क भोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। कोविड-१९ के कारण संकट की इस घड़ी में समाज के एक खास वर्ग के लोगों को भोजन की नितांत आवश्यकता है। इस कड़ी में द्वारा अपनी सामाजिक सेवा प्रतिबद्धता के तहत निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रारंभ से ही स्टेशनों एवं उसके आस-पास रह रहे गरीब, निराश्रितों, बच्चों, कुलियों के साथ-साथ भोजन की तलाश में रह रहे असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने का जो सिलसिला शुरू किया गया था जो निरंतर जारी है। इसमें विभिन्न विभागों के रेलकर्मी के साथ-साथ रेल सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिनांक ०२ मई, २०२० तक पूर्व मध्य रेल द्वारा लगभग ०२ लाख ३७ हजार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की पहचान करते हुए उन्हें निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया है। यह सेवा लॉकडाउन समाप्ति तक जारी रहेगा।

# सीएपीएफ कैंटीन में अब सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत अभियान का नारा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार दिनांक: १२.०५.२०२० को देश को संबोधित किया था, जिसके बाद गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि अब सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सभी कैंटीन में सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री होगी। बतादें कि देश में हर साल इन कैंटीन से २८०० करोड़ रुपये का सामान खरीदा जाता है।

इसी कड़ी में दिनांक १३.०५.२०२० को गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और लोकल प्रोडक्ट्स उपयोग करने की एक अपील की है जो निश्चित रूप से आने वाले समय में भारत को विश्व का नेतृत्व करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा, इसी दिशा में गृह मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की कैंटीनों पर अब सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की ही बिक्री होगी। एक जून २०२० से देशभर की सभी सीएपीएफ कैंटीनों पर यह लागू होगा। जिससे करीब १० लाख सीएपीएफ कर्मियों के ५० लाख परिजन स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे।

# उत्तर रेलवे ने किया 22851 कवरआल का निर्माण

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोरोना के खिलाफ जंग में उत्तर रेलवे के सभी मंडल और कारखाने दिन-रात अथक प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तर रेलवे के कारखानों में दिनांक 07.05.2020 तक 22851 कवरआल का निर्माण किया गया। इसके अलावा उत्तर रेलवे मास्का, सेनिटाइजर का निर्माण करने के साथ-साथ रेल डिब्बों को आइसोलेशन वार्डो में बदलने का कार्य भी कर रहे हैं, और सामाजिक दूरी का भी ध्यान रखा जा रहा है।

# श्रमिक स्पेशल ट्रेन साबरमती से १२ सौ श्रमिकों को लेकर पहुंची बाराबंकी

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। लाकडाउन में फंसे गुजरात से श्रमिकों को लेकर श्रमिक स्पेशल ट्रेन शुक्रवार दिनांक ०८.०५.२०२० को सुबह पौने ग्यारह बजे बाराबंकी पहुंची। ट्रेन में करीब १२ सौ श्रमिक यात्री सवार थे। ट्रेन आने पर सभी श्रमिकों को उतार कर जिले के हिसाब से बनाए गए काउंटर पर उनकी थर्मल स्क्रीनिंग की गई। श्रमिक ट्रेन से वाराणसी, सुल्तानपुर, हरदोई, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, आदि जनपदों के लोग आए थे। सभी यात्रियों की स्क्रीनिंग करने के बाद उन्हें रोडवेज की बस द्वारा अपने अपने जिले को भेजा गया।

जिस जनपद मे बस भेजी गई थीं वहां के जिला प्रशासन को सूचना भेज दी गई थी। जिलों में बनाए गए इंस्टीट्यूशनल क्वारंटीन सेंटर में इन सभी श्रमिकों को १४ दिनों तक रोका जाएगा।

# मुंडेरा मंडी में सामाजिक दूरी का पालन नहीं करने पर नौ लाइसेंस रद्द


रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मुंडेरा मंडी प्रशासन ने लॉकडाउन मे सामाजिक दूरी का पालन नहीं करने के आरोप में नौ कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। मंडी सचिव रेनू वर्मा के अनुसार लॉक डाउन के दौरान कारोबार करने वाले तमाम नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। मंडी में जो जगह उन्हें आवंटित थी उसकी जगह दूसरे कारोबार कर रहे थे। दुकानों पर जरूरत से ज्यादा भीड़ जुटा रहे थे। इसके अलावा मंडी में गुटखा, पान आदि की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। इसके अलावा पान, गुटखा आदि मसाले कोई थूकता दिखा तो उसके खिलाफ ५०० रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

जुर्माना लगाने के बाद ही अगर वहीं व्यक्ति दुबारा थूकता दिखाई दिया तो उसके खिलाफ एक हजार एवं एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# संक्रमण कम होने के बाद होगा दुकान खुलने पर निर्णय

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। आवश्यक नियम, शर्त के आधार पर प्रयागराज में गोरखपुर और अयोध्या की तर्ज पर दुकान खोले जाने पर डीएम प्रयागराज ने मना कर दिया है। डीएम के साथ दुकानों को खोले जाने को लेकर हुई मुलाकात के बाद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि अभी प्रयागराज में कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। इस वजह से उन्होने स्पष्ट किया है कि अभी दुकानों को खोले जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। बता दें कि मंगलवार दिनांक ०५.०५.२०२० को प्रयाग व्यापार मंडल एवं सिविल लाइंस व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी से मुलाकात कर दुकानों को खोलने की मांग की थी। डीएम से मुलाकात के दौरान डा. शशिकांत तिवारी, अभिषेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मजदूरों व गरीबों के लिए कारगर व्यवस्था हो लागू- मायावती



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। मजदूरों व उनके परिवार की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो हर किसी को विचलित कर रही हैं। लॉकडाउन के दौरान यह देखकर हर कोई सरकार से गुजारिश कर रहा है कि उनके लिए कुछ इंतजाम किए जाए जिससे कि भयंकर गर्मी में कुछ राहत मिल सके। वहीं बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने भी इसे लेकर सरकार से अपील की है। ट्वीट के माध्यम से दिनांक १५.०५.२०२० को उन्होंने कहा कि सड़कों पर घर वापसी करते लाचार लाखों मजदूर व उनके बिलकते परिवारों की भूख, बदहाली व रास्ते में हो रही मौते अति-दुःखद हैं। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकार कारगर व्यवस्था तत्काल लागू करे।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बने नितिश



रे.स.ब्यू./सूत्र. अलीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने एनएसयूआई की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें अलीगढ़ के निवासी नितिश को एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव की दुबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। नितिश गौड़ मध्य प्रदेश के प्रभारी भी हैं। २००७ से कुल १३ वर्षो तक संगठन मे नितिश गौड़ ने विभिन्न विभिन्न पदों पर रहकर कार्य किया है। नीतिश ने अलीगढ़ के विभिन्न छात्र मुद्दों को उठाया था। उन्होने कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का आभार जताया है।

## लाउडस्पीकर से अजान देना इस्लाम का हिस्सा नहीं- हाईकोर्ट

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। मस्जिद से अजान के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि लाउडस्पीकर से अजान देना इस्लाम का धार्मिक हिस्सा नहीं है,सिर्फ अजान इस्लाम का धार्मिक भाग है।

शुक्रवार दिनांक १५.०५.२०२० को फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि लाउडस्पीकर से अजान देना इस्लाम का धार्मिक भाग नहीं है इसलिए इस पर रोक सही है। कोर्ट ने कहा कि जब लाउडस्पीकर नहीं था, तब भी अजान होती थी। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार एवं न्यायमूर्ति शशिकांत गुप्ता की खंडपीठ ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर से अजान पर रोक के खिलाफ गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी व फर्रूखाबाद के सैयद मो. फैजल की याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है।

## पीसीएस और आरएफओ भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन में फंसे प्रतियोगी छात्रों को बड़ी राहत देते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस-२०२० और सहायक वन सरंक्षक (एसीएफ) /क्षेत्रीय वन अधिकारी (आरएफओ) परीक्षा-२०२० की आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर चार जून और ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दो जून कर दी है। लॉक डाउन में फंसे तमाम छात्र ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे। आयोग के कैलेंडर में पीसीएस-२०२० और एसीएफ/आरएफओ-२०२० की प्रारंभिक परीक्षा २१ जून को प्रस्तावित है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन २१ अप्रैल से शुरू किया गया था। बतादें कि लॉक डाउन की वजह से साइबर कैफे बंद पड़े हैं और ज्यादातर अभ्यर्थी इसी माध्यम से आवेदन करते हैं। आयोग के परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा किए जाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर दो जून और आवदेन सब्मिट करने की अंतिम तिथि चार जून कर दी गई है।

## एमएनएनआईटी में ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए के अंतिम वर्ष की सेमेस्टर परीक्षाएं जून में प्रस्तावित हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अब एमएनएनआईटी ने भी पहली बार ऑनलाइन सेमेस्टर परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। शुक्रवार दिनांक १५.०५.२०२० को एमएनएनआईटी के निदेशक प्रो. राजीव त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीनेट की ऑनलाइन बैठक में इस पर सहमति भी बन गयी है।

## अखाड़ा परिषद ने की धार्मिक स्थान खोलने की मांग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन बढ़ने से परेशान संत समाज अब धार्मिक स्थल खोलने की मांग कर रहा है। दूसरी तरफ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने इसके लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। अखाड़ा परिषद ने भरोसा दिया है कि मंदिर खुलने पर सेनिटाइजेशन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि जिस तरह सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खोलने का आदेश दिया है तो उसी तर्ज पर मंदिर और मठ खोलने की भी अनुमति दी जाए। अनुमति मिलने पर मंदिर के बाहर कतार सरकार के दिशा-निर्देश को देखते हुए लगवाई जाएगी। मंदिर बंद होने के कारण कर्मचारियों को वेतन देना मुश्किल हो रहा है। दूसरी तरफ तीर्थ पुरोहितों ने भी सरकार से कर्मकांड की अनुमति मांगी है। उनका कहना है कि बीते दो महीनों से लॉकडाउन के कारण उनकी दशा खराब हो चुकी है। हालात को देखते हुए इस मामले पर सरकार अब गंभीरता से निर्णय ले। बैठक में तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय महासचिव मधु चकहा, श्रवण कुमार शर्मा, माधवानंद शर्मा, अनिल मिश्र, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## नहीं रहे श्रीराम जन्मभूमि के पक्षकार प्रो. ठाकुर प्रसाद वर्मा

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। श्रीराम जन्मभूमि के प्रमुख पक्षकार प्रो. ठाकुर प्रसाद वर्मा का बृहस्पतिवार दिनांक ०७.०५.२०२० को वाराणसी में निधन हो गया। उनके निधन पर धर्म जगत और शिक्षा से जुड़े लोगों ने शोक जताते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताई। वह राम जन्मभूमि के प्रमुख पक्षकार और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। उनका निधन इतिहास जगत के साथ विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है।

## दुकान खोलने पर दूकानदारों पर एफआईआर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। हार्डवेयर की दुकान खोलने वाले दुकानदारों और एक सब्जी विक्रेता के खिलाफ कर्नलगंज पुलिस ने कटरा में लॉकडाउन उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। कर्नलगंज पुलिस ने कहा कि दरोगा लाखन सिंह की मनमोहन पार्क स्थित डियूटी पर थे तभी उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोगों ने दुकान खोली है। सूचना पर पुलिस ने हार्डवेयर दुकान खोलने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी ओर सब्जी मंडी चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने बिना मास्क लगाएं सब्जी बेचने,सामाजिक दूरी का पालन न कराने पर सब्जी विक्रेता पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कोरोना के खतरे के बारे में अवगत कराने के बाद भी उसने सतर्कता नहीं दिखाई और बिना मास्क लगाए सब्जी बेच रहा था।

## यूपी में अब १४ दिन में दोगुने हो रहे कोविड के मरीज

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस की चाल में कुछ कमी आई है। जहां हर पांच दिन में मरीजों की संख्या दोगुनी हो रही थी वो अब बढ़कर १४ दिन हो गई है। वहीं अब शुरुआत में जिन जिलों में ज्यादा संख्या में मरीज आ रहे थे उनमें भी कमी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग स्थिति सुधारने में मददगार साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक २४ अप्रैल तक कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या १६२१ थी और ०८ मई यानि १४ दिन बाद कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या दोगुने यानि ३१४५ तक पहुंचे थे।

## श्री राम मंदिर ट्रस्ट में चंदा देने पर मिलेगी इनकम टैक्स में छूट

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इस वर्ष फरवरी में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए'श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की स्थापना से संबंधित राजपात्र अधिसूचना जारी कर दी थी। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद लोकसभा में पीएम मोदी ने बताया था कि राम मंदिर का निर्माण करने वाले ट्रस्ट का नाम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र होगा। यह पूरी तरह से मंदिर निर्माण कार्य के लिए स्वतंत्र होगा। बतादें कि अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संसद में पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करने वाले ट्रस्ट का ऐलान किया था। वहीं अब अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट को दान देने वालों के लिए राहत भरी खबर है। सरकार ने इस ट्रस्ट को दान दिए जाने वाले पैसे पर 80G के तहत इनकम टैक्स में छूट देने का फैसला किया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज की तरफ से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। धारा ८० जी के तहत सभी धार्मिक ट्रस्टों को छूट नहीं दी जाती है।

# श्रमिक स्पेशल ट्रेन से देशभर में फंसे प्रवासी श्रमिक पहुंचे रहे अपने घर



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। लाकडाउन में देश के विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी श्रमिकों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य लोगों की आवाजाही के संबंध में गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भारतीय रेलवे ने श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में ६ मई २०२० तक, देशभर के विभिन्न राज्यों से कुल २८३ श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया है, जिसमें २२५ ट्रेनें अपने गंतव्य तक पहुंच चुकी हैं। इन २८३ ट्रेनों का सफर विभिन्न राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल में समाप्त हो गया है। इन ट्रेनों से प्रयागराज, छपरा, बलिया, गया, पूर्णिया, वाराणसी, दरभंगा, गोरखपुर, लखनऊ, जौनपुर, हटिया, बस्ती, कटिहार, दानापुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा आदि शहरों में प्रवासियों को पहुंचाया गया है। इन श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अधिकतम करीब १२०० यात्री यात्रा कर सकते हैं। ट्रेन में यात्रियों की उचित तरीके से जांच सुनिश्चित की जाती है। यात्रा के दौरान यात्रियों को भोजन और पानी मुफ्त में दिया जाता है।

# आयुर्वेदिक दवाओं से भी होगा अब कोरोना का इलाज

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। केजीएमयू लखनऊ में कोरोना मरीजों को इलाज अब आयुर्वेद पद्धति से भी होगा।

जिसके लिए आयुष मंत्रालय ने केजीएमयू को गाइड लाइन भी भेज दी है। सूत्रों के अनुसार यह जानकारी केजीएमयू कुलपति डॉ. एमएलबी भट्ट ने दी। उन्होने कहा कि आयुष मंत्रालय की गाइड लाइन को मंजूरी के लिए ऐथिकल कमेटी में ले जाएँगे। उसके बाद विशेषज्ञों की मदद से और गाइड लाइन को देखते हुए जरूरत के हिसाब से कोरोना मरीजों को आयुर्वेदिक दवाएं दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि यूपी में ३ मार्च कोविड-१६ का पहला मरीज सामने आया। जिसके बाद सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी थीं।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# मदर्स डेः मां शब्द नहीं एक अहसास है....

लॉकडाउन के बीच प्रयागराज में घरों में मां के सानिध्य में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर ऑनलाइन संगोष्ठी व काव्य पाठ के जरिये सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से मां को याद किया गया। मदर्स डे के अवसर पर रविवार दिनांक १०.०५.२०२० को घरों में बच्चों ने मां को मदर्स डे की बधाई दी गुलदस्ते भेंट किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। यही नहीं लोगों ने सोशल मीडिया पर मां की तस्वीरें डाल भावनाओं को भी व्यक्त किया। वहीं दारागंज में शहीदों की माताओं पर केंद्रित ऑनलाइन कवि गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें युवा कवि विष्णु दयाल ने कहा कि मां लड़खड़ाते बच्चे को चलना सिखा देती है। जीवन के हालात पर ढलना सिखा देती है। जो बच्चा ठीक से खोल भी नहीं पाता अपनी आंखें। मां उन्हीं आंखों में न जाने कितने सपने सजा देती है। और की कई सस्थानों ने भी अलग-अलग अंदाज में मदर्स-डे सेलिब्रेट किया।

# तेज आंधी-बारिश से ४३ लोगों की मौत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। तेज आंधी के साथ हुई बारिश और बिजली गिरने से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ४३ लोगों की मौत हो गई। दिनांक १०.०५.२०२० को आसमान में घिरे घने बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया था। प्रयागराज में बड़ी संख्या में पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गए। वहीं लखनऊ की फलपट्टी में आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त संजय गोयल ने जिलाधिकारियों से फसलों के नुकसान के बारे में जानकारी मांगी है।

४० से ७० कोलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आई आंधी से कुछ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# बिना किसी बाधा के राज्य अधिक 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें चलाने में रेलवे का करें सहयोगः गृह मंत्रालय

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। मंत्रिमंडल सचिव ने बसों और 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों से जाने वाले श्रमिकों को सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा प्रदान की गई सहायता की समीक्षा करने के लिए १० मई २०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के परिणामस्वरूप, गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा कि वे पलायन करके आए श्रमिकों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचने के लिए सड़क और रेलवे पटरियों पर चलने से रोकें। इस बात पर जोर दिया गया कि 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों और बसों को चलने की अनुमति दी जा चुकी है। इसलिए, उन्हें अपने घर जाने के लिए 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों या बसों की सुविधा दी जा सकती है और तब तक पलायन करके आए श्रमिकों को परामर्श दिया जा सकता है और उन्हें पास के आश्रयों में ले जाया जा सकता है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि सभी राज्य /संघ शासित प्रदेशों की सरकारों को बिना किसी बाधा के और 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें चलाने में रेलवे के साथ सहयोग करना चाहिए ताकि फंसे हुए श्रमिक तेजी से अपने घर तक पहुंच सकें।

# शाम सात के बाद बेवजह घूमने पर होगी कार्रवाई

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन पार्ट -०३ भले ही खत्म होने वाली हो लेकिन लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस अब भी सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी को देखते हुए अब शाम सात से सुबह सात बजे तक बेवजह सड़क पर घूमने पर पुलिस ने कड़ाई शुरू कर दी गई है। बतादें कि लॉकडाउन के पार्ट -०३ चरण में कई तरह की छूट भी दी गई। कार्यालय खुलने के साथ कुछ दुकानें आदि भी खुलीं। जिसके बाद अब सड़कों पर लोग नजर आने लगे। लॉकडाउन पार्ट -०३ में ज्यादा वाहन भी सड़कों पर दिखाई देने लगे हैं। इस छूट के साथ ही सरकार का यह भी निर्देश था कि शाम सात से अगले दिन सुबह सात बजे तक बेवजह सड़कों पर घूमने वालों पर शिकंजा कसा जाए। जिसको देखते हुए सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि वह भ्रमण करके यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में बेवजह लोगों का जमावड़ा नहीं लग रहा है। इस बारे में एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

# रेल लाइनों पर चलने के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। कोविद-१६ के संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर किये गए लॉकडाउन के दौरान रेलवे द्वारा देशवासियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने हेतु खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का परिवहन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ देश के अलग-अलग स्थानों से श्रमिकों को उनके घरो तक सुरक्षित पहुँचाने हेतु श्रमिक स्पेशल ट्रेने भी निरंतर चलाई जा रही है। वहीं रेल लाइनों एवं पटरियों के आसपास असुरक्षित चलने एवं असुरक्षित तरीके से रेल की पटरियों को पार करने व अन्य गतिविधियों को रोकने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा एक जागरूकता अभियान की भी शुरुआत की गयी है, जिसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र के विभिन्न जिलों में एसएमएस भेजे जा रहे है। इसके साथ ही विभिन्न मीडिया व प्रचार प्रसार के अन्य माध्यमों द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

रेल प्रशासन द्वारा नागरिको को रेल लाइनों पर चलने, लाइनों को असुरक्षित पार करने एवं रेल लाइनों के आसपास अन्य असुरक्षित गतिविधियों को रोकने तथा किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हेतु समय समय पर जागरूकता अभियान चलाये जाते है।

# घर में ही अदा करें ईद की नमाज- दारुल उलूम

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। अगर ईद तक लॉकडाउन जारी रहता है तो ईद की नमाज घरों में अदा करें। फतवा जारी करते हुए लखनऊ स्थित दारुल उलूम फरंगी महल के दारुल इफ्ता ने यह बात कही। मुसलमानों से ईद के खर्च से गरीबों की मदद करने को भी कहा गया है। बतादें कि ल,कडाउन पार्ट-०३ की तीसरी मियाद १७ मई को खत्म हो रही है। वहीं कोरोना के बड़ते हालात को देखते हुए लॉकडाउन के बढ़ने की भी उम्मीद जताई जा रही है। वहीं २५ मई को ईद होने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ईद की नमाज मुसलमानों की सबसे बड़ी नमाज होती है। इसी को दिखते हुए फतवा जारी किया गया है।

# देश के पांचवें संबोधन में प्रधानमंत्री का मंत्र आत्मनिर्भर भारत के लिए २० लाख करोड़ का राहत पैकेज

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। महामारी से जूझते हुए अपनी जान गंवा देने वाले लोगों को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक १२.०५.२०२० को पाँचवी बार राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होने कहा कि कहा कि कोविड-१६ के कारण जो संकट उभर कर सामने आया है, वह अप्रत्यशित है, लेकिन इस लड़ाई में हमें न केवल अपनी रक्षा करने की जरूरत है, बल्कि निरंतर आगे भी बढ़ते रहना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि २१वीं सदी को भारत की सदी बनाने के सपने को पूरा करने के लिए यह सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़ना है कि देश आत्मनिर्भर हो जाए। संकट को एक अवसर में बदलने की बात कहते हुए उन्होंने पीपीई किट और एन-६५ मास्क का उदाहरण दिया, जिनका भारत में उत्पादन लगभग नगण्य से बढ़कर २-२ लाख पीस प्रतिदिन के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को भरोसा है कि संपूर्ण मानवता के विकास में भारत का काफी योगदान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज भूमि, श्रम, तरलता और कानूनों पर भी फोकस करेगा। यह एमएसएमई, मजदूरों, मध्यम वर्ग, उद्योगों सहित विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करेगा।



# यात्रीगण कृपया ध्यान दें.......

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लाकडाउन में ४८ दिन के बाद प्रयागराज जंक्शन पर एक ऐसी आवाज सुनाई पड़ी जिसकी प्रतीक्षा हर एक यात्री को थी। जो आवाज अंतिम बार २५ मार्च २०२० को सुनाई दी थी। प्रयागराज जंक्शन पर मंगलवार दिनांक १२.०५.२०२० को तीन स्पेशल ट्रेनें आयीं। जंक्शन पर नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन के लिए एनाउंसमेंट हुआ कि यात्रीगण कृपया ध्यान दें तो यात्रियों के साथ रेलकर्मियों के चेहरे पर भी मुस्कान देखी गई। इस दौरान प्रयागराज जंक्शन पर हर एक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की गई। मंगलवार को ०२४२४ नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ स्पेशल, ०२३१० राजेंद्र नगर-नई दिल्ली स्पेशल एवं ०२३०१ हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल आएगी इसका खाका सोमवार ११ मई को ही तय हो गया था। जंक्शन पर मेडिकल की टीम तैनात थीं। वहीं इस दौरान मास्क पहने यात्रियों को ही सिविल लाइंस साइड से प्रवेश दिया गया।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# 800 श्रमिक स्पेशल ट्रेने चलाकर रेलवे ने 10 लाख प्रवासी मजदूरों को पहुंचाया घर

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन में फंसे हुए मजदूरों को उनके गृह राज्य पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे की ओर से श्रमिक स्पेशल ट्रेनें देशभर में चलाई जा रही हैं। रेलवे ने गुरुवार दिनांक १४.०५.२०२० को बताया कि एक मई से अब तक ८०० श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा चुका है। जिससे करीब १० लाख प्रवासी मजदूरों को उनके गृह राज्य पहुंचाया गया है। ये ८०० ट्रेनें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में चलाए गई हैं।



इनमें से सबसे अधिक ट्रेनें उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए चलाई गई हैं। रेलवे ने कहा है कि ट्रेन में सवार यात्रियों की उचित जांच की जा रही है, और यात्रा के दौरान यात्रियों को मुफ्त भोजन और पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# ३१ मई तक चलेगी पार्सल एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए प्रयागराज से झांसी के बीच चलाई जा रही पार्सल एक्सप्रेस का संचालन रेलवे ने ३१ मई तक के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में कारोबारी इस ट्रेन से चित्रकूट, मानिकपुर, बांदा, महोबा एवं झांसी में कोई भी वस्तु पार्सल के माध्यम से भेज सकते हैं।

एनसीआर के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पार्सल बुकिंग से संबंधित जानकारी के लिए यात्री 9794837343 और 9794837285 नंबर पर फोन कर सकते हैं।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन.आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


# चीन से नहीं आएंगे दीपावली के दिये - मुख्यमंत्री योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना महामारी से निपटने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक संरचना को मजबूत करने के की कार्ययोजना तैयार कर ली है। इसी के तहत दिनांक १४.०५.२०२० गुरुवार को सूबे की योगी सरकार ने ऋण मेले की शुरूआत की। जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों से जुड़े व्यापारियों को एक क्लिक पर लोन भी दिया। बतादें कि केंद्र सरकार द्वारा की गई राहत पैकेज की घोषणा के २४ घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री योगी ने यूपी में एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को दो हजार से लेकर दो करोड़ तक के लोन बांटे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने चीनी बाजार पर अपनी निर्भरता कम करने के भी संकेत दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार दीपावली के अवसर पर चीन से मूर्तियां और दिये नहीं आएंगी, अब गोरखपुर मे ही इसका उत्पादन किया जाएगा। एक क्लिक पर लोन देकर मुख्यमंत्री योगी ने रोजगार मेला की व्यापक शुरूआत की।

# नोडल अधिकारी सैमुअल पाल ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

सूचना विभाग प्रयागराज। नोडल अधिकारी प्रयागराज सैमुअल पाल एन० ने रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों के बनाये गये आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। दिनांक १४.०५.२०२० को निरीक्षण के दौरान देशभर से आ रहे प्रवासी श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने रेलवे जैसे संवेदनशील स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग एवं साफ-सफाई के अनुपालन की विशेष हिदायत और स्वास्थ्य परीक्षण एवं खाद्य सामग्री की उपलब्धता को बनाये रखने हेतु निर्देश दिये।